# रेरा ने जारी की बिल्डर और प्रोजेक्ट्स की तिमाही रैंकिंग

**पटना.** बिहार भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने निबंधित प्रोजेक्ट्स और प्रमोटरों की चौथी तिमाही रैंकिंग जारी कर दी है. यह रैंकिंग 15 अप्रैल 2025 तक की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आधार पर तैयार की गयी है. रेरा बिहार देश का पहला राज्य प्राधिकरण है जिसने इस तरह की रैंकिंग की प्रक्रिया शुरू की है. इसकी शुरुआत जुलाई 2023 में हुई थी. परियोजनाओं की रैंकिंग को बीआरक्यू (बिहार रियल एस्टेट प्रोजेक्ट कोसेंट) कहा गया है. प्रोमोटरों की रैंकिंग बीपीक्यू (बिहार रेरा प्रोमोटर कोसेंट) नाम से जारी की गयी है. यह प्रोमोटर के अनुभव, प्रोजेक्ट की संख्या, समय पर काम पूरा करने की स्थिति और शिकायतों की समीक्षा पर आधारित होती है. नवीनतम बीआरक्यू में कई परियोजनाओं ने उल्लेखनीय सुधार किया है.